आकाशवाणी शिमला

20.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज ऊना और हरोली विधानसभा क्षेत्रों के लिए 3 सौ 56 करोड़ 72 लाख रूपए की विकास परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास किए। इनमें पेखूबेला में 2 सौ 20 करोड़ रूपए की 32 मैगावॉट क्षमता की सौर उर्जा परियोजना और 92 लाख रूपए के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन पीरनिगाह का लोकार्पण शामिल है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पेखूबेला सौर उर्जा परियोजना से सालाना 6 करोड़ 61 लाख यूनिट बिजली पैदा होगी जिससे राज्य सरकार को प्रतिवर्ष 19 करोड़ 17 लाख रूपए का राजस्व प्राप्त होगा। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल देश का पहला हरित उर्जा राज्य बनने की ओर अग्रसर है और सरकार ने प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड को 5 सौ मैगावॉट सौर उर्जा स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निगम ने 47 मैगावॉट की 3 सोलर परियोजनाओं के निर्माण कार्य आबंटित कर दिए हैं।

नामांकन

प्रदेश में 3 विधानसभा क्षेत्रों के लिए होने वाले उपचुनाव के लिए आज देहरा विधानसभा क्षेत्र में 2 जबकि नालागढ़ में एक प्रत्याशी ने अपना नामांकन पत्र भरा। नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के. एल. ठाकुर ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। निर्वाचन विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि देहरा विधानसभा क्षेत्र में आज दो निर्दलीय प्रत्याशियों सुलेखा देवी और अरूण अंकेश स्याल ने अपने नामांकन दाखिल किए। प्रवक्ता ने बताया कि हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में कोई भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं हुआ। इन उपचुनावों के लिए नामांकन दाखिल करने का कल आखिरी दिन है जबकि 24 जून को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। तीनों विधानसभा क्षेत्रों में उपुचनाव के लिए 10 जुलाई को वोट डाले जाएंगे जबकि 13 जुलाई मतगणना होगी।

नामांकन रैली

इस बीच नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के.एल. ठाकुर ने नामांकन पत्र भरने के बाद आशीर्वाद रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल, पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, सांसद सुरेश कश्यप व सिकंदर कुमार और अन्य पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर के.एल. ठाकुर ने कहा कि नालागढ़ में कांग्रेस बाहर से प्रत्याशी लाकर चुनाव मैदान में उतारती है और ऐसे लोग क्षेत्र में अवैध खनन व विभिन्न तरह के माफिया को संरक्षण देते हैं। रैली को सम्बोधित करते हुए पूर्व केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने लोगों के साथ केवल झूठे वायदे किए और आज दिन तक कोई भी वायदा पूरा नहीं हुआ। उन्होंने केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा हिमाचल को दिए गए औद्योगिक पैकेज को बंद करने का कांग्रेस पर आरोप लगाया। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने प्रदेश में कानून व्यवस्था के मुद्दे पर कांग्रेस सरकार को घेरते हुए कहा कि आए दिन प्रदेश में कई तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं लेकिन सरकार मूकदर्शक बनी हुई हैं। रैली को सम्बोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी नालागढ़ सीट पर जीत हासिल करेगी और उसके बाद हिमाचल में सरकार बनाएगी।

योग दिवस

अंतराष्ट्रीय योग दिवस के दसवें संस्करण के अवसर पर कल 21 जून को राजधानी शिमला के रिज मैदान में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यकम में राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ल बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। आयुष व खेल मंत्री यादवेंद्र गोमा ने ये जानकारी देते हुए कहा कि 21 जून को प्रदेश के सभी आयुर्वेदिक संस्थानों पर भी योग दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने प्रदेश वासियों से 21 जून को योग दिवस कार्यकमों में शामिल होने का आग्रह किया, और कहा कि स्वस्थ रहने के लिए योग करना बेहद जरूरी है। इस बीच अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष पर आयुष विभाग द्वारा हमीरपुर जिले के 12 महत्वपूर्ण स्थानों पर योगाभ्यास सत्र आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान विभाग के योग प्रशिक्षक आम लोगों को योगाभ्यास करवाएंगे। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉक्टर देशराज वर्मा ने बताया कि हमीरपुर जिले के 71 आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केन्द्रों और 5 आयुर्वेदिक अस्पतालों में भी योग से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

रोष रैली

शिमला के रिज मैदान पर बाहरी राज्यों के कारोबारियों के स्टॉल लगाने को लेकर लक्कड़ बाजार शिमला कारोबारी एसोसिएशन ने मोर्चा खोल दिया है। कारोबारियों ने लक्कड़ बाजार बंद कर शिमला जिला प्रशासन के खिलाफ रोष रैली निकाली और रिज मैदान पर लगाए गए स्टॉल को तुरंत हटाने की मांग की। कारोबारियों का कहना है कि रिज मैदान एक ऐतिहासिक धरोहर है और देश विदेश से लोग यहां इसकी प्राकृतिक सुंदरता को निहारने के लिए पहुंचते हैं।

———————————————